卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 148 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦6 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# विश्व पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बना रहा टिहरी: धामी

## चार दिवसीय टिहरी लेक फेस्टिवल का मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ, कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ





नई टिहरी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को टिहरी झील के सुरम्य तट कोटी कॉलोनी में चार दिवसीय भव्य 'हिमालयन-02 टिहरी लेक फेस्टिवल 2026 का विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। 06 से 09 मार्च तक आयोजित होने वाला यह महोत्सव साहसिक पर्यटन, समृद्ध लोक संस्कृति और आधुनिक कला के एक अद्भुत संगम के रूप में उभरकर सामने आया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास के लिए करोड़ों रुपये की महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया, जिससे क्षेत्र में विकास की नई धारा बहने की उम्मीद है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड अब 'वर्षभर पर्यटन' के वैश्विक केंद्र के प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि इस वर्ष महोत्सव के माध्यम से नए ट्रैकिंग रूटों को विकसित किया गया है, जहाँ स्थानीय काइट फेस्टिवल जैसी रोमांचक गतिविधि यां पर्यटकों को रोमांचित करेंगी। साथ ही, बॉलीवुड के प्रसिद्ध संगीतकार अमित त्रिवेदी और उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक बैंड श्पांडवाजश की प्रस्तुतियां महोत्सव की शामों को यादगार बनाएंगी। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और जिला प्रशासन ने इस बार प्रतियोगिताओं को अधिक आकर्षक बनाया है। आयोजन के दौरान मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, पेंटिंग, सोशल मीडिया रील मेकिंग, ग्रुप फैशन शो, मिस्टर एंड मिस टिहरी, राफ्टिंग और रैप सिंगिंग जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के लिए कुल 25 लाख रुपये का पुरस्कार (शेष पृष्ठ सात पर)

# गहरी खाई में गिरा टिप्पर, चालक की मौत



पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ घाट मोटर मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक अनियंत्रित टिप्पर गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने भारी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक टिप्पर संख्या घाट से पिथौरागढ़ की ओर आ रहा था। जैसे ही वाहन गुरना के निकट पहुँचा, चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और टिप्पर सड़क से फिसल कर सीधे गहरी खाई में जा समाया। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही ऐंचोली चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक कमलेश जोशी के नेतृत्व में पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुँची।टिप्पर काफी गहरी खाई में गिरा था, जिसके कारण रेस्क्यू टीम को नीचे उतरने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। टीम के सदस्य रस्सियों के सहारे खाई में उतरे, लेकिन तब तक वाहन सवार व्यक्ति दम तोड़ चुका था। पुलिस और एसडीआरएफ ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# गृह मंत्री शाह कल हरिद्वार में,प्रशासन अलर्ट

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने परखीं व्यवस्थाएं



हरिद्वार (उद संवाददाता)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ और गृह सचिव शैलेश बगौली सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैरागी द्वीप स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए भव्य पांडाल, मंच, वीआईपी बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल और विद्युत आपूर्ति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्य की विकास यात्रा और नए कानूनों से संबंधित प्रस्तावित प्रदर्शनी की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि केन्द्रीय गृह मंत्री का यह भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं त्रुटिरहित, सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने सुरक्षा चक्र और ट्रैफिक प्लान को लेकर पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया। निरीक्षण के दौरान सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार क्षेत्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को वाहन सहित दबोचने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार तराई विहार कॉलोनी फाजलपुर महरौला निवासी रंजीत सिंह पुत्र अमर जीत सिंह की मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीबी 5974 बीते 2 मार्च को मुख्य बाजार क्षेत्र से चोरी हो गई थी। वाहन स्वामी ने इस संबंध में तत्काल ऑनलाइन सूचना दर्ज कराई थी। इधर बृहस्पतिवार को रंजीत सिंह ने इंदिरा चौक के पास अपनी चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ दो संदिग्धों को देखकर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम शाहिल पुत्र छोटे और महेंद्र पुत्र मुंशी लाल बताया। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों की मदद से दोनों को मोटरसाइकिल सहित कोतवाली ले जाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पीड़ित रंजीत सिंह की तहरीर पर पुलिस ने शाहिल और महेंद्र के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# दो समुदायों में हिंसक झड़प, जमकर चले ईंट पत्थर





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के भूतबंगला क्षेत्र में गुरुवार रात होली कार्यक्रम के दौरान डीजेपर डांस करती महिलाओं की वीडियो बनाने पर दो समुदायों के बीच मामूली विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और मामला मारपीट, पथराव तथा फायरिंग के आरोपों तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर किया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार मोहल्ले में लोग होली का उत्सव मना रहे थे। इस दौरान महिलायें डीजे के धुन पर डांस कर रही थीं। आरोप है कि इस बीच कुछ युवक वहां पर ओर डांस करती महिलाओं की वीडियो बनाने लगे। जिसका वहां मौजूद लोगों ने कड़ा विरोध किया। तभी एक विशेष समुदाय का युवक ई रिक्शा लेकर बार बार वहां से गुजरने लगा। स्थानीय लोगों द्वारा टोकने पर युवक गाली गलौज करते हुए चला गया और कुछ देर बाद अपने दर्जनों साथियों के साथ वापस लौट आया। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया गया। देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर ईंट पत्थर और लाठी डंडे चलने लगे। कुछ स्थानीय लोगों ने इस दौरान फायरिंग होने का भी दावा किया है, हालांकि पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाईक सवार युवकों ने की कार पर फायरिंग



रुद्रपुर (उद संवाददाता) गुरुवार की रात्रि भूरारानी मार्ग पर अज्ञात बाईक सवार युवकों ने कार पर फायरिंग कर दी। जिससे कार में सवार दो युवकों में दहशत व्याप्त हो गई। इस घटना में कार का शीशा टूट गया। जबकि कार सवार दोनों युवक सुरक्षित बच गए। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। भूरारानी वार्ड 32 निवासी राकेश पुत्र स्व. हृदय साहनी का कहना है कि 05 मार्च की रात्रि लगभग 9:45 बजे वह भूरारानी रोड से अपनी कार संख्या यूके 07 बीजी 4310 में अपने मित्र ज्वाला के साथ सवार होकर जा रहा था। तभी मार्ग में सिटीवन 1 नम्बर गेट बड़े आर ए एन स्कूल के पीछे असेनिया रेस्टोरेन्ट के सामने एक बाईक पर दो अज्ञात व्यक्ति उसकी कार के बराबर में आये जिनको देखकर उसने कार की गति हल्की करी। जिसके तुरन्त बाद बाईक के पीछे बैठे अज्ञात व्यक्ति ने सीधी कार पर फायरिंग कर दी। जिसमें गोली कार के शीशे पर लगकर पार हो गई। हमलावार युवक फायरिंग करते हुऐ भाग गयें। राकेश का कहना है कि जब उन्होंने मदद के लिए कार के अन्दर हल्ला किया तो उक्त लोग मौके से फरार हो गयें। हमलावार कौन थे उसे कुछ नही पता। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नही है और न ही किसी से कोई विवाद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड के न्यायालयों में 3.35 लाख केस लंबित

## वर्ष 2025 में लंबित केसों में आयी 48812 केसों की कमी,प्रदेश के 9 जिलों में वर्ष में फाइल हुये केसों की अपेक्षा अधिक संख्या में केस निपटायें

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के न्यायालयों में वर्ष 2026 के प्रारम्भ में 3 लाख 35 हजार 422 केस लंबित थे जो 2025 के प्रारंभ में लंबित केसों की संख्या से 48812 केस कम हैं। वर्ष 2025 में उत्तराखंड के 9 जिलों में लंबित केसों में कमी आयी है जिसका कारण फाइल होने वाले केसों की संख्या से अधिक संख्या में केसों का निपटारा करना हैं। यह जानकारी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुई है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के लोक सूचना अधिकारी से वर्ष 2025 में लंबित, दायर तथा निपटाये गये केसों के विवरणों की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/ज्वाइंट रजिस्ट्रार एच.एस.जीना ने अपने पत्रांक 833 के साथ विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार वर्ष के प्रारंभ में 01 जनवरी 2025 को उच्च न्यायालय में 55323 केस लंबित थे जो 31 दिसम्बर 2025 को बढ़कर 59416 हो गये जबकि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अधीनस्थ न्यायालयों (जिलो के न्यायालयों) में 328911 केस वर्ष के प्रारंभ में लंबित थे। वर्ष के अंत में घटकर 276006 केस रहे गये। उत्तराखंड के उच्च न्यायालय तथा अधीनस्थ न्यायालयों में 2025 के प्रारंभ में लंबित कुल 384234 केसों में से वर्ष 2025 में 48812 केस कम होकर कुल 335422 केस लंबित रह गये। उत्तराखंड के अधीनस्थ न्यायालयों में 31 दिसम्बर 2025 में लंबित (शेष पृष्ठ सात पर)

# अमित शाह कल हरिद्वार में करेंगे जनसभा

## सरकार की विकास योजनाओं एवं न्याय संहिता प्रदर्शनी का करेंगे अवलोकन

हरिद्वार (उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आगामी 7 मार्च को हरिद्वार के बैरागी कैंप में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनों का अवलोकन करेंगे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अमित शाह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक निर्णयों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का निरीक्षण करेंगे। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास, सड़क एवं संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा क्षेत्र में सुधार, निवेश प्रोत्साहन, पर्यटन विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य में सुशासन, पारदर्शिता तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए गए दृश्य प्रदर्शनों, चित्रों, मॉडल तथा जानकारीपूर्ण पैनलों के माध्यम से बीते वर्षों में राज्य में हुए परिवर्तन और विकास की झलक प्रस्तुत



की जाएगी, जिससे आमजन उत्तराखंड की विकास यात्रा को निकट से समझ सकेंगे। इसी क्रम में 7 से 9 मार्च 2026 तक न्याय संहिता विषय पर राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन भी बैरागी कैंप में किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।नई न्याय संहिताएं देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था में व्यापक एवं ऐतिहासिक परिवर्तन लेकर आई हैं। इनका मुख्य उद्देश्य औपनिवेशिक प्रावधानों को समाप्त कर नागरिक केंद्रित, पारदर्शी, उत्तरदायी तथा तकनीक समर्थ न्याय प्रणाली स्थापित करना है। दंड से न्याय की अवधारणा के अंतर्गत पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों की गरिमा की रक्षा तथा वैज्ञानिक एवं समयबद्ध अन्वेषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रदर्शनी में नई न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को सरल और प्रभावी माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें समयबद्ध जांच एवं आरोप पत्र की अनिवार्यता, शून्य प्राथमिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक प्राथमिकी की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य विधि विज्ञान जांच, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए सशक्त प्रावधानों को दिखाया जाएगा।इसके साथ ही संगठित अपराध, साइबर अपराध एवं आतंकवाद से संबंधित स्पष्ट दंड प्रावधान, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा संपत्ति की शीघ्र वापसी की व्यवस्था को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी के दौरान नाट्य प्रस्तुतियों, मॉडल प्रकरण अध्ययन, डिजिटल प्रदर्शन तथा जनसंवाद सत्रों के माध्यम से त्वरित न्याय, वैज्ञानिक जांच तथा नागरिक सुविधा की अवधारणा को सरल और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह भव्य आयोजन उत्तराखंड सरकार की विकास यात्रा, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता तथा राज्य को प्रगतिशील और समृद्ध बनाने के प्रयासों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

# राज्यपाल ने छात्र छात्राओं को सम्मानित किया

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त से आज लोक भवन में दून विश्वविद्यालय के मीडिया एंड कम्युनिकेशन स्टडीज विभाग के छात्र छात्राओं ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुरेखा डंगवाल एवं विभागाध्यक्ष मीडिया एंड कम्युनिकेशन स्टडीज प्रो राजेश कुमार भी मौजूद रहे। इन विद्यार्थियों ने हाल ही में लोक भवन में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से उनके अनुभवों और इस आयोजन से मिली सीख के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने छात्र छात्राओं की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि



जिस समर्पण, गहराई और पेशेवर अंदाज से उन्होंने इस आयोजन को कवर किया है वह अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा इस आयोजन के आर्थिक प्रभाव तथा अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से किए जा रहे कार्यों की भी विशेष रूप से प्रशंसा की। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी शक्ति यहाँ के पुष्प और यहाँ के खुशहाल लोग हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों ने इस आयोजन में अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने जोर देते हुए कहा कि जनता की खुशी और उनके भाव हमारी वास्तविक संपत्ति हैं जिन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजना आवश्यक है और विद्यार्थियों ने इसे बहुत अच्छे ढंग से कवर किया है। भेंट के दौरान छात्र छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और राज्यपाल के मार्गदर्शन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री के जन्मदिवस पर 'प्रेम सेवा संकल्प दिवस' मनाया

पंतनगर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में 'प्रेम सेवा संकल्प दिवस' उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान द्वारा परिसर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी इकाइयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा भी वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड़ों के माध्यम से हम समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश



बाँट सकते हैं और यही वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान देश के किसानों के हितों के लिए निरंतर समर्पित रहते हैं, उसी प्रकार देश का पहला कृषि विष्वविद्यालय पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय भी किसानों की उन्नति और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करता आ रहा है। कुलपति ने बताया कि 'प्रेम सेवा संकल्प दिवस' के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, वैज्ञानिकों और कृषि विज्ञान केंद्रों में भी वृक्षारोपण किया जा रहा है।

# अमृत 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण और पुनर्भरण की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में अमृत 2.0 के अंतर्गत गठित हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण और भूजल प्रबंधन को लेकर बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को सुदृढ़ बनाने से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर गहन विचार विमर्श के बाद उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया। इस दौरान अमृत 1.0 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में हुई लगभग 39.82 करोड़ रुपये की बचत का उपयोग करने पर भी सहमति बनी। इस धनराशि के माध्यम से रुद्रपुर तथा काशीपुर नगर क्षेत्रों में वाटर मीटर लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है जिससे शहरी जल प्रबंधन प्रणाली को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में लघु सिंचाई विभाग नैनीताल की योजनाओं के तहत हल्द्वानी और नैनीताल क्षेत्र में जल पुनर्भरण संरचनाओं के विकास तथा पार्कों के



सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें हरिहर कॉलोनी हल्द्वानी, विश्वविद्यालय हल्द्वानी, उषा रूपक कॉलोनी नैनीताल तथा सुदर्शन कॉलोनी हल्द्वानी में जल पुनर्भरण विकास के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार लघु सिंचाई विभाग हरिद्वार की योजनाओं के अंतर्गत बहादराबाद में वर्षा जल संचयन हेतु रिचार्ज शाफ्ट की स्थापना, रामधाम कॉलोनी पार्क शिवालिक नगर में भूजल पुनर्भरण हेतु रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण तथा राजलोक कॉलोनी पार्क नगर निगम हरिद्वार में भूजल रिचार्ज से संबंधित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पंचायत इमलीखेड़ा हरिद्वार द्वारा रांगड़वाला में स्थित तालाब के नवीनीकरण की योजना को भी हरी झंडी दी गई है। इसके अतिरिक्त देहरादून के नवादा क्षेत्र में तालाब के पुनरुद्धार एवं रिचार्ज शाफ्ट निर्माण तथा डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में रिचार्ज शाफ्ट निर्माण के कार्यों को भी मंजूरी मिली है। मुख्य सचिव ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा और भूजल स्तर में सुधार होगा। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में सचिव नितेश झा, वी षणमुगम, युगल किशोर पंत सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति ने विभिन्न विकास योजनाओं को दी स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में राज्य के विभिन्न जनपदों से संबंधित महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं पर विस्तृत विचार विमर्श के बाद उन्हें



अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में बुनियादी ढांचे और जनसुविधाओं से जुड़ी कई प्रमुख योजनाओं को हरी झंडी दी गई है जिसमें अमृत 2.0 के ट्रांच 2 के अंतर्गत सहस्त्रधारा पेयजल योजना को विशेष रूप से स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण पेयजल योजना का क्रियान्वयन उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल और एकेश्वर विकास खंड के अंतर्गत सतपुली बैराज के निर्माण के पुनरीक्षित प्रस्ताव को भी समिति ने मंजूरी दे दी है।बैठक में सुरक्षा और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी निर्णय लिए गए। जनपद नैनीताल के हल्द्वानी स्थित फायर स्टेशन में टाइप द्वितीय, टाइप तृतीय तथा टाइप चतुर्थ श्रेणी के कुल आवासों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। वहीं राजधानी देहरादून के डांडा लखौंड क्षेत्र में सहस्त्रधारा रोड पर शहरी विकास निदेशालय के नए कार्यालय भवन के निर्माण प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य कार्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य को भी समिति ने अपनी सहमति प्रदान की है। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत योजनाओं का कार्य व्यवहारिक, मितव्ययी, पारदर्शी तथा उच्च्व गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने जोर देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के दौरान पारिस्थितिकी संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए और योजनाओं को दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जाए। बैठक में सचिव नितेश झा, शैलेश बगौली, एसए अदांकी, युगल किशोर पंत सहित संबंधित विभागों के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने दिए गुणवत्ता परीक्षण के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से संबंधित सर्वोच्च समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्य में मिशन की प्रगति, वित्तीय स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने कड़े निर्देश दिए कि पानी की गुणवत्ता परीक्षण में रासायनिक तथा बैक्टीरियोलॉजिकल दोनों प्रकार के परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेयजल परीक्षण की जानकारी संबंधित प्रोजेक्ट में तिथि सहित सार्वजनिक हित में स्पष्ट रूप से अंकित की



जानी चाहिए ताकि आमजन को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।बैठक के दौरान जीआईएस मैपिंग, पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर पाइपलाइन नेटवर्क अपलोड करने की प्रगति, सुजल गांव आईडी निर्माण, वित्तीय समन्वय तथा तकनीकी निरीक्षण की भी गहन समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन सभी महत्वपूर्ण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। चर्चा के दौरान वर्ष 2026 27 की वार्षिक कार्ययोजना, सामाजिक अंकेक्षण तथा तृतीय पक्ष निरीक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को इन विषयों पर तत्काल अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मिशन के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जा सके।मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार से संबंधित सभी बिंदुओं पर समयबद्ध रिपोर्टिंग तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि हर घर जल योजना के अंतर्गत जिन गांवों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन की प्रगति दर्शाई गई है उनका शत प्रतिशत प्रमाणीकरण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्टिंग और वास्तविक धरातल पर किए गए कार्यों के बीच किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, रणवीर सिंह, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्र, अपर सचिव रोहित मीणा, अपूर्वा पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं उत्तराखंड से संबंधित राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के भारत सरकार के निदेशक प्रदीप सिंह वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए दी 171 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए 171 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। इस बजट से राज्य में सड़कों के निर्माण, विद्युत परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण, चंपावत में सिटी सेंटर के निर्माण, अतिथि गृह भवनों के पुनरुद्धार और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपन्न किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर में सातरतवे से सिगी नरगोल होते हुए गिरेछीना मिलान मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 3.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसी प्रकार जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में कालीमठ कोटमा जाल चौमासी मोटर मार्ग के सुधार कार्य के लिए 3.75 करोड़ और जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैंसडाउन के अंतर्गत कोटडीसैण के समीप ग्राम पैयागढ़ी रजबौ मल्ला दियोड मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 4.27 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।जनपद चंपावत के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में किमतोली से रौशाल मोटर मार्ग में हॉटमिक्स कार्य के लिए 12.15 करोड़ रुपये के साथ ही रोडवेज स्टेशन चंपावत में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स यानी सिटी सेंटर चंपावत के निर्माण के लिए 62.33 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025 26 में 50.25 करोड़ रुपये के अनुदान का अनुमोदन किया है। इसके अतिरिक्त नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन के द्वितीय तल पर 12 कक्षों के नवीनीकरण और नागरिक एवं विद्युत कार्यों के लिए 1.60



करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। देहरादून शहर की यातायात और ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए छह विभिन्न कार्यों हेतु 33.45 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर निवासी सुमन जैन पत्नी स्वर्गीय महावीर प्रसाद को 27 जून 2025 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन दिए जाने का भी अनुमोदन किया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के कई मोटर मार्गों के नाम शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर रखने की स्वीकृति दी है। जनपद अल्मोड़ा के विकासखंड चौखुटिया में कुनीगाड हिरुली बाजार से रामपुर चौखुटिया मोटर मार्ग का नाम शहीद सूबेदार भवानी दत्त जोशी सेना मेडल मोटर मार्ग रखा गया है। चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में ल्वाणी सुया मोटर मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय खीम सिंह के नाम पर और बद्रीनाथ विधानसभा के गोपेश्वर मंडल से ग्राम ग्वाड तक के मार्ग का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मेहरबान सिंह रावत के नाम पर रखने को मंजूरी दी गई है। वहीं कर्णप्रयाग विधानसभा के नैनीसैंड कालूसैण आमसौंड मोटर मार्ग का नाम उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी स्वर्गीय तुलाराम थपलियाल के नाम पर होगा।डिजिटल क्षेत्र में राज्य की प्रगति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने देहरादून में मार्च 2026 में प्रस्तावित पांचवें डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एवं अवाड्र्स उत्तराखंड चौप्टर के आयोजन को भी हरी झंडी दे दी है। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय उत्तराखंड डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू एआई विकसित भारत 2047 की ओर रखा गया है, जिसका आयोजन एडवोकेटिंग प्रोग्रेसिव एक्शन फॉर चेंज डिजिटल इनोवेशन न्यूज नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड नोएडा द्वारा किया जाएगा।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
रूद्रपुर में ऑफिस में कॉलिग गर्ल्स, ड्राईवर व एक चपरासी की।
-सम्पर्क करें-
7055005311


# शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान में अब तक 115 मुकदमे दर्ज किए, 106 तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के सख्त निर्देशों पर ऊधम सिंह नगर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के निर्माण और तस्करी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। जनपद में 28 फरवरी से चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष अभियान के शुरुआती पांच दिनों में ही पुलिस ने शराब माफियाओं की कमर तोड़ दी है। पुलिस की अलग अलग टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए अब तक कुल 115 मुकदमे दर्ज किए हैं और 106 तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है। इस बड़ी कार्रवाई से पूरे जनपद के शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।अभियान के दौरान पुलिस ने अब तक 2,822 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। माफियाओं के ठिकानों पर दबिश देते हुए पुलिस ने अवैध रूप से संचालित 61 शराब भट्टियों को ध्वस्त किया और मौके पर मौजूद करीब 1,47,645 लीटर लहन



को नष्ट कर दिया। इसके अलावा शराब की तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे कई वाहनों को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। थानावार कार्रवाई के विवरण के अनुसार जसपुर क्षेत्र में सात अभियुक्तों को 188 लीटर शराब के साथ पकड़ा गया और तीन भट्टियां तोड़ी गईं। काशीपुर में 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 277 लीटर शराब और भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। बाजपुर में नौ भट्टियां ध्वस्त कर 10 तस्कर दबोचे गए जबकि गदरपुर क्षेत्र में आठ भट्टियां तोड़कर 34 हजार लीटर लहन नष्ट किया गया।तराई के अन्य क्षेत्रों में भी पुलिस का शिकंजा पूरी तरह कसा रहा। किच्छा में सात भट्टियां और 15 हजार लीटर लहन नष्ट कर आठ तस्करों को पकड़ा गया। नानकमत्ता में नौ भट्टियां ध्वस्त की गईं और सितारगंज में 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 333 लीटर शराब बरामद की गई। रुद्रपुर और ट्रांजिट कैंप इलाकों में भी पुलिस ने बड़ी बरामदगी की है। खटीमा में सबसे अधिक 14 मुकदमे दर्ज कर 14 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने साफ कर दिया है कि जनपद में अवैध शराब का कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# हादसे में मृतक युवक की अंगूठी व मोबाईल उड़ाने वाले दो शातिर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। किसी भी हादसे के बाद लोग घायल की मदद के लिए तत्पर रहते हैं, वहीं समाज में ऐसे लोग भी मौजूद हैं जो हादसे में मृतक को लूटने में कोई संकोच नहीं कर हैं। पुलिस ने ऐसे ही दो शातिर चोरों को दबोचा है, जिन्होंने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक युवक के वाहन से उसका मोबाइल और सोने की अंगूठी पार कर दी थी। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को बरेली रोड निवासी गोपाल सिंह बिष्ट के पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बेटे को खोने के गम में डूबे परिवार को तब एक और झटका लगा जब उन्हें पता चला कि हादसे के तुरंत बाद अज्ञात चोरों ने मृतक पुत्र के वाहन से कीमती मोबाइल और सोने की अंगूठी चोरी कर ली है। पिता की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की संवेदनशीलता और



शर्मनाक हरकत को देखते हुए एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने टीम को तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों के जाल की मदद से पुलिस टीम ने गौजाजाली निवासी मौ. उवेश उर्फ मुन्ना और इन्द्रानगर निवासी मौ. सैफ अली को धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के पास से मृतक का मोबाइल और सोने की अंगूठी बरामद कर ली है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह राणा, कांस्टेबल अनिल जौहरी व दिनेश नगरकोटी शामिल थे।

# खटीमा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

खटीमा। खटीमा, मझोला और झनकट क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के गीतों की गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दी और लोगों ने



एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने पिचकारियों से रंग खेलकर उत्साह से होली का आनंद लिया।राजीव नगर वार्ड नंबर 15 में पूर्वांचल सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष एसपी सिंह के आवास पर भव्य होली गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेखा सिंह, कुनाल सिंह, अंशु आर्य, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अजय सिंह, राम दुलारे, आरपी सिंह, नगीना सिंह, विनोद बोरा, रोशन रावत सहित कई लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने होली गीत, हास्य-व्यंग्य कविताएं और फागुन के पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। बरेली से आई कलाकार रेनू शर्मा ने "जुल्म तने कर डाला प्यार में रंग डाला" गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं स्थानीय कलाकार रोकेश रोहिल्ला ने भी होली गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस अवसर पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, गोरीशंकर अग्रवाल, इंद्रेश कुमार, राजन, राजीव अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अनिल बत्रा, मनोज बत्रा, विजय अरोड़ा, हरीश बत्रा, जितेंद्र ग्रोवर, सतीश गोयल, दिगंबर गुप्ता और विशाल अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।वहीं सनातन श्री रामलीला परिषद की ओर से रामलीला मैदान में भी होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।

# गदरपुर में एक ही परिवार के पांच जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय स्कूटनी कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें जाति प्रमाण पत्र संबंधी तीन महत्वपूर्ण प्रकरणों पर सुनवाई हुई। बैठक के दौरान कमेटी ने तहसील गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत निर्गत एक ही परिवार के पांच जाति प्रमाण पत्रों को निरस्त करने की संस्तुति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त तहसील किच्छा क्षेत्र के अंतर्गत शिकायतकर्ता रवि कुमार द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र पर भी गंभीरता से विचार किया गया। अपर जिलाधिकारी ने इस मामले में उल्लेखित सभी संबंधित व्यक्तियों के अभिलेखों का पूर्ण सत्यापन और उनके पूर्वजों के जाति व निवास प्रमाण की गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं।इस जांच के लिए तहसील स्तर पर तहसीलदार किच्छा की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया है जिसे 15



दिनों के भीतर अपनी सत्यापन आख्या स्पष्ट मंतव्य के साथ उपलब्ध करानी होगी। वहीं एक अन्य प्रकरण में उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा रिट याचिका संख्या 3255/25 हरबंस सिंह बनाम सुंदर कौर में पारित आदेशों के अनुपालन में सुनवाई की गई। इसमें दोनों पक्षों को 15 दिन का समय देते हुए अपने अपने समर्थन में साक्ष्य और अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, ऋचा सिंह, रविंद्र जुवांठा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, तहसीलदार किच्छा गिरीश त्रिपाठी और पटल प्रभारी सचिन काला उपस्थित रहे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# एसएसपी ने ली साप्ताहिक पुलिस परेड की सलामी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रिजर्व पुलिस लाइन रुद्रपुर में एकता, अनुशासन और फिटनेस के संदेश के साथ शुक्रवार की साप्ताहिक पुलिस परेड का भव्य आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने परेड की सलामी ली और मान प्रणाम ग्रहण किया। परेड का शुभारंभ पुलिस जवानों की शारीरिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से हल्की दौड़ के साथ किया गया। इस दौरान एसएसपी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल के लिए शारीरिक फिटनेस केवल ड्यूटी का हिस्सा नहीं बल्कि उनकी जीवनशैली का अनिवार्य अंग होनी



चाहिए। दौड़ के उपरान्त एसएसपी अजय गणपति ने परेड का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों के टर्न आउट यानी वर्दी एवं साज सज्जा को बारीकी से परखा। जिन कर्मचारियों के टर्न आउट में कमियां पाई गईं, उन्हें सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अनुशासन को और पुख्ता करने के लिए जवानों को विभिन्न टोलियों में विभाजित कर टोलीवार ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही शस्त्राभ्यास के माध्यम से शस्त्रों के बेहतर रखरखाव एवं उनके त्वरित संचालन की दक्षता का भी मूल्यांकन किया गया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि नियमित परेड से न केवल अनुशासन बना रहता है बल्कि विपरीत परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए जवानों का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023

- सख्त भू-कानून 2025
- जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
- नये आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन
- दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
- उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण




प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान

- ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
- स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
- Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
- "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
- Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
- गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर

# श्री अमित शाह

मा. गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार

का

# हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

मुख्य कार्यक्रम

शनिवार, दिनांक: 07 मार्च 2026 । समय: प्रातः 10:00 बजे
स्थानः वैरागी कैम्प, हरिद्वार, उत्तराखण्ड

इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।

विकास भी विरासत भी



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के उत्तराखण्ड आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत विकास, अवसंरचना, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिससे उत्तराखण्ड सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है। -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखंड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
4 जन-जन की सरकार
साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
शिलान्यास एवं लोकार्पण
₹ 312.32 करोड़ की लागत से
19 परियोजनाओं का शिलान्यास
तथा
₹ 115.09 करोड़ की लागत से
32 परियोजनाओं का लोकार्पण
ऐतिहासिक निर्णयों से विकास को नई गति
• समान नागरिक संहिता - 2025
उत्कृष्ट प्रदर्शन, सशक्त पहचान
• एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
• भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## तेल और गैस आपूर्ति का संकट

इस बात की आशंका पहले से ही थी कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी फैलेगा और इससे वैसे देश भी प्रभावित होंगे, जो इस जंग में भागीदार नहीं हैं। दोनों पक्षों के बीच घातक हथियारों के जरिए जारी हमले युद्ध के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं, तो इसके समांतर अब ऐसे फैसले भी सामने आने लगे हैं, जो अगर लंबे समय तक टिके, तो इससे दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी।गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों के जरिए सैन्य हमलों का मोर्चा खोला हुआ है। मगर एक बड़े रणनीतिक फैसले के तहत उसने अपने प्रभाव क्षेत्र में आने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को जिस तरह बंद कर दिया है, अगर जल्द ही उसे खोलने के लिए ठोस प्रयास नहीं हुए, तो कई देशों के सामने ऊर्जा का संकट गहरा सकता है। होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।स्वाभाविक ही इस बात की आशंका अभी से जताई जाने लगी है कि अगर संकट गहराया, तो कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं और इसके बाद हवाई किराए, माल ढुलाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में बदलाव करना एक मजबूरी की नीति बन सकती है। यानी होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बाधित होने का व्यापक और बहुस्तरीय असर पड़ सकता है। फिलहाल ईरान ने इस रास्ते से सिर्फ चीन को आवाजाही की अनुमति दी है और कहा है कि अन्य देशों के जहाजों, खासतौर पर इजराइल और अमेरिका के समर्थक देशों के टैंकरों को रास्ता नहीं दिया जाएगा। अंदाजा लगाया जा सकता है कि तेल और ऊर्जा के लिए जिन देशों की होमुर्ज जलडमरूमध्य के रास्ते पर निर्भरता है, वहां ईरान के इस फैसले का क्या प्रभाव पड़ सकता है। निश्चित तौर पर भारत पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा और अभी से इसका हल खोजने की कोशिश शुरू हो गई है, लेकिन जिस रास्ते से भारत अपने चालीस फीसद तेल की आपूर्ति पूरी करता है, उसमें तुरंत इसका नया विकल्प निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी होगी। होर्मुज जलडमरूमध्य को एक संकरे समुद्री रास्ते से ज्यादा आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'धड़कती नस' और ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसके बाधित होने पर कई देश इसके असर की जद में आएंगे। भारत के पास फिलहाल छह से आठ हफ्ते का तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और इस बीच अगर होर्मुज का रास्ता खोलने के प्रयास सफल नहीं हुए, तो ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस से भी तेल खरीदने की कोशिश हो सकती है। अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी हुई तो भारत के आयात खर्च में बड़ा इजाफा हो सकता है और इसके समांतर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर गंभीर असर पड़ेगा।

# उत्तराखंड में होम स्टे से बढ़ा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार

## पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क संपर्क बढ़ने से दूरदराज के गांवों तक पहुंच आसान

देहरादून। उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय निवासियों को पर्यटन आधारित स्वरोजगार से जोड़ने की योजनाओं का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है। पिछले तीन वर्षों में राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या में करीब 62 लाख की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र में नई आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य गठन के समय वर्ष 2000-01 में उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों की संख्या लगभग 1.05 करोड़ थी। यह संख्या लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2024-25 में 6. 01 करोड़ से अधिक हो गई है। धार्मिक, प्राकृतिक और साहसिक पर्यटन स्थलों के विकास के साथ-साथ सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं में सुधार का सीधा असर पर्यटकों की बढ़ती संख्या के रूप में देखा जा रहा है। विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022-23 में उत्तराखंड आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या 64,489 थी, जो चालू वित्त वर्ष में बढ़कर 1,92,533 हो गई है। यानी तीन वर्षों में करीब 28 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक राज्य में बढ़े हैं। जबकि राज्य गठन के समय वर्ष 2000-01 में केवल 54,701 विदेशी पर्यटक ही उत्तराखंड पहुंचे थे। पर्यटन के विस्तार के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। सरकार की होम स्टे योजना और होटल व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलने से हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। वर्तमान में राज्य में छह हजार से अधिक होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जबकि करीब दस हजार से अधिक होटल पर्यटकों को सेवाएं दे रहे हैं।वर्ष 2022-23 में जहां राज्य में 3,935 होम स्टे संचालित हो रहे थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 6,161 तक पहुंच गई है। इसी प्रकार राज्य में होटलों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। वर्ष 2000-01 में प्रदेश में 4,893 छोटे-बड़े होटल संचालित होते थे, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 8,225 हो गए थे। पिछले तीन वर्षों में यह आंकड़ा दस हजार पार करते हुए 10,509 तक पहुंच गया है। पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से होटलों और होम स्टे के आसपास ढाबों, स्थानीय उत्पादों की दुकानों और धार्मिक स्थलों के समीप प्रसाद व पूजन सामग्री की दुकानों में भी वृद्धि हुई है। इससे स्थानीय युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में सड़क नेटवर्क लगातार मजबूत हो रहा है। वर्ष 2021-22 में जहां कुल सड़क लंबाई 50,393 किमी थी, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 51,278 किमी हो गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क संपर्क बढ़ने से दूरदराज के गांवों तक पहुंच आसान हुई है और पर्यटन तथा स्थानीय कारोबार को भी नई ऊर्जा मिली है। पर्वतीय राज्य में हेलीकाप्टर सेवाओं का दायरा तेजी से बढ़ाया गया है। वर्ष 2022 तक राज्य में दो हेलीपोर्ट थे, जो वर्ष 2025 में बढ़कर सात हो गए हैं। इसी तरह हेलीपैड की संख्या वर्ष 2021-22 में 60 से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 118 तक पहुंच गई है। इस विस्तार से चारधाम यात्रा, आपदा राहत, मेडिकल आपातकालीन सेवाओं और दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिल रही है।

# गदरपुर में 7 मार्च से शुरू होगा 11वां श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ

गदरपुर। क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11वीं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 7 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक श्री अद्वैत स्वरूप अनन्त आश्रम, निकट रेड रोज कॉन्वेंट स्कूल, गूलरभोज रोड, गदरपुर (उधम सिंह नगर) में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत 7 मार्च शनिवार को सुबह 9 बजे कलश यात्रा से होगी, जो शिव मंदिर से प्रारंभ होकर आश्रम तक पहुंचेगी। इसके बाद 8 मार्च से प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन परम पूजनीय संत त्यागपुरी जी महाराज (कुरुक्षेत्र) द्वारा किया जाएगा, जो अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को कथा, कीर्तन और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे।कार्यक्रम का समापन 14 मार्च शनिवार को होगा। इस दिन सुबह 10 बजे कथा को विश्राम (भोग) लगाया जाएगा तथा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक परम पूज्य बाबा अगमपुरी जी महाराज द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुरेन्द्र मिगलानी (अपने पिता स्व. श्री भगवानदास मिगलानी की स्मृति में) तथा श्री अतुल मिगलानी परिवार द्वारा (अपने दादा जी की स्मृति में) कराया जा रहा है। आयोजकों ने सभी भक्तों, गुरुजनों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# सकेनिया इंटर कॉलेज में 8 मार्च को होगी वृहद पशु प्रदर्शनी

गदरपुर। पशुपालन विभाग द्वारा क्षेत्र के पशुपालकों के लिए एक वृहद पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 08 मार्च 2026, रविवार को क्रीड़ा स्टेडियम, इंटर कॉलेज सकेनिया में आयोजित होगा।वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रवि शंकर झा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य क्षेत्र के पशुपालकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट पशुपालन को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को लेकर प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे और प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त करें। कार्यक्रम में कुल 6 समूहों में पशु प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिनमें गाय दुग्धारू, भैंस दुग्धारू, गाय हीफर, भैंस हीफर, गाय/बछिया तथा भैंस/कटिया शामिल हैं। प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पशुपालकों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।पशुओं का पंजीकरण सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी के लिए पशुपालक वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रवि शंकर झा से संपर्क कर सकते हैं।संयुक्त निदेशक एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी ने भी क्षेत्र के अधिक से अधिक पशुपालकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है, ताकि पशुपालन को बढ़ावा मिल सके।

# दिसंबर और जनवरी के अंडे व खाद्य सामग्री मार्च में वितरित की जा रही

देहरादून। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने रुड़की के माड़ी चौक स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों को राशन आपूर्ति करने वाले सेंट्रल गोदाम में छापा मारा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजी जा रही खाद्य सामग्री की खराब गुणवत्ता की शिकायतों के बाद डीएम ने गोदाम पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बाल श्रमिक भी मिले, जिस पर डीएम ने गोदाम स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। जांच में खजूर और केले के चिप्स के पैकेटों पर मैन्युफैक्चर और एक्सपायरी तिथि संदिग्ध पाई गई, जबकि कई पैकेटों पर तारीख का उल्लेख ही नहीं था। पैकेटों पर छपी तिथि की जगह स्टैंप लगी हुई तिथि भी मिली। गोदाम का संचालन मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया और वहां तापमान बनाए रखने की कोई व्यवस्था भी नहीं थी। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि दिसंबर और जनवरी के अंडे व अन्य खाद्य सामग्री मार्च में वितरित की जा रही थी। रजिस्टर अद्यतन नहीं मिले और सामग्री आपूर्ति करने वाले द्वारा जारी गुणवत्ता प्रमाणपत्र भी उपलब्ध नहीं थे। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए निकल रहे वाहनों को रुकवाकर खाद्य सामग्री के सैंपल भी लिए। ये वाहन टिहरी, उत्तरकाशी और डोईवाला के लिए सामग्री लेकर रवाना होने वाले थे। अंडों की गुणवत्ता भी संदिग्ध पाई गई।



# गीग अर्थव्यवस्था: बढ़ते अवसर और महिलाएं

गीग अर्थव्यवस्था अनुकूल कार्य प्रदान करने वाली एक मुक्त बाजार प्रणाली है। इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत वर्कर्स को अपने काम में लचीलापन, मर्जी से काम करने का समय और आय के अतिरिक्त अवसर प्राप्त होते हैं। यह पारंपरिक कर्मचारी संबंधों से मुक्त कार्य उपलब्ध कराता है। भारत में जोमैटो, अरबन कंपनी, उबर, ओला और अनअकेडमी जैसे अनेक क्षेत्र-आधारित ऑनलाइन पलेटघ्फॉर्म के माध्यम से इस प्रकृति की नौकरियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं। नीती आयोग के विशेषज्ञों के अनुमान अनुकूल यह पाया गया की भारत की गीग इकोनोमी 2020-21 में 7.7 मिलीयन वर्कर्स कार्यरत पाए गए जो की पुरे वर्कफोर्स का 1.5% है। इसके अतिरिक्त नीति आयोग ने अनुमान लगाया है की 2029-30 तक गीग इकोनोमी में भारी वृद्धि देखने को मिल सकता है जो की 2020-21 के आकड़ों से लगभग तीन गुना होगा। हालांकि, यह आकड़े गीग अर्थव्यवस्था के बढ़ते अवसरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन यह आकड़े पूर्ण रूप से महिलाओं की स्थिती का वर्णन नहीं करते है। ष्जेंउवष के मुताबिक पूरी गीग इकोनोमी में केवल 28% महिलाएं कार्यरत है। कारण, आज भी घर खर्च के फैसलों पर पुरुष निर्णय लेता है, जिसके कारण-वश एक पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को पैसों से जुड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त गीग इकोनोमी में कार्यरत कर्मियों के लिए इंटरनेट और स्मार्टफोन आवश्यक माध्यम होते हैं, किंतु आज भी महिलाओं तक इनकी पहुंच बहुत कम है।भारत की गीग इकोनोमी में महिलाओं के क्षय के उत्तरदायी कारक : संगठनात्मक असहयोग, अपर्याप्त सुरक्षा, कार्य-परिवार संघर्ष तथा व्यक्ति और कार्य के बीच असंगति है। गीग इकोनोमी में कार्यरत महिलाओं के अनुभव अनुसार, सेफ्टी एप और पेपर स्प्रे होने के बावजूद भी मुश्किलें रहती हैं, ट्रैफिक की अनिश्चित स्थिति, दुर्घटना का डर, यह कारक न सिर्फ कार्यकुशलता को घटाते हैं बल्कि इस क्षेत्र में महिलाओं की क्षीणता भी बढ़ाते हैं। गीग अर्थव्यवस्था न तो पूर्ण रूप से अवसर है और न ही क्षीणता का कारक। इस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए और दिशा देने के लिए जरूरी है की सरकार घ्द्वारा नीतिगत हस्तक्षेप किया जाए और क्षेत्र -विशेष नीतियां बनाई जाएं। जिससे महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण को मजबूत किया जा सकता है, और साथ ही उन्हें एक सुरक्षित कार्य का अवसर भी दिया जा सकता है।

-कृतिका तिवारी


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड, विद्युत वितरण खण्ड-किच्छा

### शिविर सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा से सम्बन्धित समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित स्थलों पर उल्लेखित तिथि व समय पर जिसमें विद्युत शिविर का आयोजन किया जा रहा है सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित विद्युत शिविर में विद्युत सम्बन्धित शिकायत (यथा त्रुटिपूर्ण विद्युत बीजकों में सुधार किया जायेगा, खराब मापकों को बदलने तथा अन्य विद्युत सम्बन्धित शिकायत) तथा राजस्व वसूली सम्पादित की जायेगी। अतः समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से विनम्र अनुरोध है कि आयोजित शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

| दिनांक | समय | उपखण्ड अधिकारी, किच्छा (ग्रामीण) | उपखण्ड अधिकारी, किच्छा (नगरीय) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अवर अभियंता 9412091270 | अवर अभियंता 941201271 | अवर अभियंता 9412091272 | अवर अभियंता 941201271 |
| | | लालपुर | किच्छा | पंतनगर | पुलभट्टा |
| 06.03.2026 | प्रातः 09 से दोपहर 02 तक समय | रामेश्वरपुर | पंजाबी कालोनी | राघवनगर | भंगा |
| 07.03.2026 | | पक्की खमरिया | सिरौली कलां | आनन्दपुर | – |
| 08.03.2026 | | मिलक | पटेरी | आनन्दपुर कटिंग | |
| 09.03.2026 | | लालपुर उपकेन्द्र | पुरानी मण्डी | नगला | पराग फार्म |
| 10.03.2026 | | महाराजपुर | बण्डिया भट्टा | पंतनगर उपकेन्द्र | – |
| 11.03.2026 | | शिमला पिस्तौर | बीलनगला | शांतिपुरी नं0 1 | शंकर फार्म |
| 12.03.2026 | | नगला | दोपहरिया | सत्संग आश्रम | – |
| 13.03.2026 | | इन्दरपुर | पुष्टी देवरिया | पंतनगर उपकेन्द्र | – |
| 14.03.2026 | | नरायणपुर | सिसई | शांतिपुरी नं0 2 | – |
| 15.03.2026 | | कुरैया | विकास कालोनी | खुरपिया | – |
| 16.03.2026 | | कनकपुर | गैस एजेन्सी | मैन गेट | भंगा |
| 17.03.2026 | | कच्ची खमरिया | पटेरी | आनन्दपुर | बंगाली कालोनी |
| 18.03.2026 | | बैंक ऑफ बड़ौदा | विकास कालोनी | पंतनगर उपकेन्द्र | – |
| 19.03.2026 | | पक्की खमरिया | गैस एजेन्सी | राघव नगर | – |
| 20.03.2026 | | महाराजपुर | आवास विकास | शांतिपुरी नं0 3 | – |
| 22.03.2026 | | नगला | पंजाबी कालोनी | जय नगर | – |
| 23.03.2026 | | बैंक ऑफ बड़ौदा | सिरौली कलां | गोकुल नगर | शंकर फार्म |
| 24.03.2026 | | इन्दरपुर | पटेरी | जवाहर नगर | – |
| 25.03.2026 | | नरायणपुर | पुरानी मण्डी | राघव नगर | – |
| 26.03.2026 | | रामेश्वरपुर | बण्डिया भट्टा | चन्दन नगर | – |
| 27.03.2026 | | बैंक ऑफ बड़ौदा | बीलनगला | [illegible] | – |
| 28.03.2026 | | कच्ची खमरिया | दोपहरिया | नगला | – |
| 29.03.2026 | | कनकपुर | पुष्टी देवरिया | जवाहर नगर | – |
| 30.03.2026 | | बैंक ऑफ बड़ौदा | आवास विकास | सत्संग आश्रम | भंगा |
| 31.03.2026 | | कच्ची खमरिया | पंजाबी कालोनी | खुरपिया | – |

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, किच्छा

पत्रांक- 7083/वि.वि.ख.(कि.)/ दिनांक 05.03.2026

# धूमधाम से मना लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल का 25वां स्थापना दिवस





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल ने अपनी स्थापना की 25वीं वर्षगांठ एक भव्य और शानदार सांस्कृतिक समारोह के साथ मनाई। स्कूल परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की संस्थापक परविंदर नीरा पुरी, निदेशक हरविंदर पुरी, प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना, उप प्रधानाचार्य सिमरन पुरी, स्कूल समन्वयक लक्ष्य शर्मा और प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। वर्ष 2001 में स्थापित इस विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक मानक स्थापित किया है। प्लेग्रुप से लेकर कक्षा पांच तक के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्य और समग्र विकास प्रदान करने में इस संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने छात्रों ने भाषण, कविता पाठ, मधुर संगीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने स्कूल प्रशासक परविंदर पुरी की उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। वैष्णो भजन मंडल, शक्तिपीठधीश्वरी ब्रह्मलीन माँ हंसेश्वरी भारती महाराज (पूजनीया स्वर्ग फार्म वाली देवी), वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी के संस्थापक और डेरा भजनगढ़ साहिब के बाबा विक्रम ने भी इस उपलब्धि पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।अपने संबोधन में संस्थापक परविंदर पुरी ने कहा कि पिछले 25 वर्षों की यह सुखद यात्रा समर्पण, कड़ी मेहनत और विश्वास का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि लिटिल किंगडम स्कूल अपनी समावेशी शिक्षा के लिए विशिष्ट पहचान रखता है, जहाँ विशेष आवश्यकता वाले, श्रवण बाधित, वंचित पृष्ठभूमि के बच्चे और सामान्य छात्र एक ही छत के नीचे एक साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं। प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना ने अनुभवी प्रबंधन के मार्गदर्शन और अटूट समर्थन को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताया। उप प्रधानाचार्य सिमरन पुरी ने स्कूल की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डाला, वहीं समन्वयक लक्ष्य शर्मा ने परविंदर पुरी के समर्पण को समर्पित एक मार्मिक कविता का पाठ किया। समारोह का मुख्य आकर्षण केक काटना और आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ना रहा, जो स्कूल की नई आकांक्षाओं और निरंतर सफलता का प्रतीक बने।

# गदरपुर में निकली भव्य शोभायात्रा, भजनों से बांधा समां

## विक्की लाडला और गोपी शर्मा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)। पूज्यपाद संत श्री बापू कल्याण दास जी महाराज और विश्व वंदनीय संत श्री बापू ज्वाला सिंह जी महाराज की असीम कृपा तथा ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर संत श्री सुभाष बापू जी महाराज के शुभ आशीर्वाद से नगर में भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। परम पूज्यनीय गुरु माँ मिथलेश जी के पावन सानिध्य में संत कल्याण दास जी महाराज की स्मृति में आयोजित 39वें महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के उपलक्ष्य में विशाल ध्वजारोहण एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा श्री ओम बापू मंदिर से प्रारंभ होकर अनाज मंडी, गूलरभोज रोड और मुख्य बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में गुरु माँ मिथलेश जी, चंदा चौर के बापू रविंदर दास जी और दिल्ली दरबार के बाबा पवन पुजारा जी विशेष रथ पर सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे थे। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालु महिला व पुरुष संकीर्तन की धुनों पर नाचते-गाते साथ चल रहे थे। नगर की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरा नगर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। समिति उपाध्यक्ष अशोक बांगा ने बताया कि शुक्रवार, 6 मार्च को कार्यक्रम का मुख्य दिन होगा। प्रातः 7 बजे सामूहिक हवन यज्ञ, 9 बजे नामदान दीक्षा तथा प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सत्संग प्रवचन एवं संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू होगा। कार्यक्रम में समिति प्रधान बंशीधर गुम्बर, कार्यकारी अध्यक्ष आशु गुम्बर, सचिव सतीश बत्रा, पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, कांग्रेस नेता राजेन्द्र पाल सिंह ,आशु अनेजा सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान गुरु माँ मिथिलेश के सानिध्य में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। इसमें मलोट (पंजाब) से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक विक्की लाडला और दिल्ली के भजन गायक गोपी शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज और भक्तिपूर्ण भजनों के माध्यम से ऐसा समां बांधा कि पंडाल में मौजूद श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।





# भाजपा युवा मोर्चा के विशाल और शशांक बने जिला महामंत्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ऊधम सिंह नगर की नई जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष कमल कुमार जिंदल की सहमति और भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मंढोली से परामर्श के उपरांत की गई है। नई कार्यकारिणी में जिले के ऊर्जावान युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि संगठन की विचारधारा को धरातल पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।घोषित कार्यकारिणी में प्रमोद गडकोटी, विकास चौधरी, अंकित गोयल और रचित सिंह गंगवार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के महत्वपूर्ण पद जिला महामंत्री की जिम्मेदारी विशाल सिंह और शशांक वर्मा को सौंपी गई है। जिला मंत्री के रूप में मनीष गोस्वामी, रोहित भट्ट, मीनाक्षी राणा और मुकेश रावत को दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त हरजीत कंबोज को जिला कोषाध्यक्ष, विक्की राघव को जिला कार्यालय मंत्री तथा शिवम खुराना को जिला मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। भूपेन्द्र सिंह को जिला मीडिया सह संयोजक, सुमित बहादुर पाल को जिला सोशल मीडिया संयोजक, कौशल विश्वास को जिला सोशल मीडिया सह संयोजक और आशीष सिंह कुमार को जिला आईटी संयोजक मनोनीत किया गया है।जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि नई टीम संगठन की नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा मोर्चा की यह टीम जिले में संगठन को और अधिक सशक्त और गतिशील बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# दस मार्च को होगा महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल (उद संवाददाता)। महिला दिवस के अवसर पर राज्य महिला आयोग उत्तराखंड की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद नैनीताल की महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु आगामी 10 मार्च 2026 को जिलाधिकारी सभागार नैनीताल में एक विशेष जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप और सदस्य उर्वशी जोशी की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न होगा। जिसमें जिले भर से आने वाली पीड़ित महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं को सुना जाएगा। 09 मार्च से 13 मार्च तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत आयोजित होने वाली इस जन सुनवाई में शासन और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी प्रतिभाग करेंगे। आयोग की सदस्यों ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना और उनकी सामाजिक व पारिवारिक समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है। जनपद की पीड़ित महिलाएं नियत तिथि 10 मार्च को जिलाधिकारी सभागार पहुंचकर अपनी समस्याएं रख सकती हैं। प्रशासन की ओर से इस जन सुनवाई को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल सके।

## पेज एक का शेष...

**विश्व पर्यटन मानचित्र...** बजट रखा गया है। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को एक लाख रुपये, द्वितीय को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाले को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दस-दस सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। जिला प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष महोत्सव का विस्तार केवल झील तक सीमित न रखकर जनपद के अन्य पर्यटन स्थलों तक भी किया गया है। महोत्सव के दौरान आयोजित भव्य गंगा आरती ने जहां आध्यात्मिक शांति का संदेश दिया, वहीं पूरे आयोजन को सतत पर्यटनश और गंगा संरक्षण की थीम पर केंद्रित रखा गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक विनोद कंडारी, विधायक शक्ति लाल साह, विधायक किशोर उपाध्याय, संजय नेगी, विक्रम सिंह नेगी, कुंवर सिंह चौहान, मनीष राणा समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**उत्तराखंड के न्यायालयों में ...**कुल 276006 केसों में सर्वाधिक 95298 केस देहरादून जिले में, दूसरे स्थान पर 77755 केस हरिद्वार जिले में तथा तीसरे स्थान पर 56769 केस उधमसिंह नगर जिले में लंबित थे। अन्य जिलों में अल्मोड़ा में 1938, बागेश्वर में 493, चमोली में 1075, चम्पावत में 1563, नैनीताल में 23437, पौड़ी में 10868, पिथौरागढ़ में 2031, रूद्रप्रयाग में 351, टिहरी में 3207 तथा उत्तरकाशी में 1221 केस लंबित थे। उत्तराखंड के जिलों में लंबित केसों में केवल 4 जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली तथा पौड़ी में ही थोढ़ी बढ़ोत्तरी हुई है अन्य सभी जिलों में कमी आयी है। अल्मोड़ा में वर्ष के प्रारंभ की अपेक्षा वर्ष के अंत में 92 लंबित केसों, बागेश्वर में 47, चमोली में 48 तथा पौड़ी में 91 केसों की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि अन्य सभी जिलों में लंबित केसों में कमी हुई है इसमें सर्वाधिक 19544 केस हरिद्वार जिले, दूसरे स्थान पर 18857 केस देहरादून जिले तथा तीसरे स्थान पर 9808 केस उधमसिंह नगर जिलों तथा चौथे स्थान पर 2961 केस नैनीताल जिले में कम हुये हैं। अन्य जिलों में 1126 केस चम्पावत, 394 पिथौरागढ़, 83 रूद्रप्रयाग, 260 टिहरी ततथा 143 उत्तरकाशी जिले में शामिल है। लंबित केसों में कमी आने का प्रमुख कारण वर्ष में दायर होने वाले केसों की अपेक्षा अधिक संख्या में केसों का निपटारा करना है। वर्ष 2025 में कुल 240248 केस फाइल हुये हैं जबकि निपटारा 289060 केसों का किया गया है जो फाइल हुये केसों का 120 प्रतिशत है। जहां उच्च न्यायालय में दायर केसों की अपेक्षा 82 प्रतिशत केसों का निपटारा हो पाया है वहीं अधीनस्थ न्यायालयों में 124 प्रतिशत केसों का निपटारा हो पाया है। जिलों में अल्मोड़ा में दायर केसों की संख्या के 97 प्रतिशत केसों का निपटारा हुआ हैं जबकि बागेश्वर में 96, चमोली में 98, चम्पावत में 139, देहरादून में 120, हरिद्वार में 159, नैनीताल में 115, पौड़ी में 99, पिथौरागढ़ में 107, रूद्रप्रयाग में 105, टिहरी में 104, उधमसिंह नगर में 128 तथा उत्तरकाशी जिले में 107 प्रतिशत केसों का निपटारा किया गया है।

**दो समुदायों में ...**प्रशासन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं कर रहा है। बताया जा एरहा है कि इस घटना में ऊषा, गीता, पिंटू को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। हंगामे के दौरान लोगों ने घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद एक पक्ष के लोग रम्पुरा चौकी पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। इस दौरान एक पीड़ित महिला ने एक पुलिसकर्मी पर भी मारपीट का आरोप लगाया है जिससे मामला और गर्मा गया है। मामले की जानकारी मिलने पर कोतवाल मनोज रतूड़ी भी रम्पुरा चौकी आ पहुंचे और उन्होंने मामले की विस्तार से जानकारी लेकर मौजूद लोगों से बातचीत की। एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पा लिया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**गहरी खाई में गिरा...**संयुक्त अभियान चलाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकाला और मुख्य सड़क तक पहुँचाया।ऐंचोली चौकी प्रभारी कमलेश जोशी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त केशव सिंह पुत्र धौल सिंह, उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी ढूंगातोली, पिथौरागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है, जिससे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

**गृहमंत्री शाह कल ...**सुमन, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डे, एडीजी अजय प्रकाश अंशुमन, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, सूचना महानिदेशक बंशीध र तिवारी और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अब तक की गई तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा पेश किया। इस मौके पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, एमडी सिडकुल सौरभ गहरवार सहित जिला प्रशासन और पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि गृह मंत्री के इस हाई-प्रोफाइल दौरे के दौरान सुरक्षा और सुविधा के सभी मानक चाक-चौबंद रहें।


**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया था मैंने अपना नाम गुरवेल सिंह से बदलकर गुर्वेल सिंह रख लिया है। भविष्य में गुर्वेल सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।

गुर्वेल सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी गुरुद्वारा जगतपुरा,रुद्रपुर,उधम सिंह नगर

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुभाष कुमार बत्रा (SUBHASH KUMAR BATRA) था अब मैंने अपना नाम बदलकर सुभाष बत्रा (SUBHASH BATRA) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुभाष बत्रा (SUBHASH BATRA) से ही सम्बोधित किया जाए।

सुभाष बत्रा पुत्र श्री नन्द लाल निवासी ग्राम जाफरपुर, पौ० खानपुर रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम राकेश कुमार सब्बरवाल (RAKESH KUMAR SABBARWAL) था अब मैंने अपना नाम बदलकर राकेश कुमार (RAKESH KUMAR) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम राकेश कुमार (RAKESH KUMAR) से ही सम्बोधित किया जाए।

राकेश कुमार पुत्र श्री सुभाष चन्द्रा, निवासी-वार्ड नं0 4, गाँधी नगर, बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि



समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नगर निगम के नए हाईटेक भवन के लिए 15.74 करोड़ का बजट स्वीकृत

## तीन मंजिला भूकंपरोधी इमारत में होंगी आधुनिक सुविधाएं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर के नए और आधुनिक कार्यालय भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इस बहुमंजिला भवन के निर्माण के लिए 1574.24 लाख रुपये के भारी-भरकम बजट को अपनी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य धरातल पर शुरू किया जाएगा। महापौर विकास शर्मा ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम कार्यालय को हाईटेक बनाने के उद्देश्य से शासन को एक विस्तृत प्रस्ताव भेजा गया था। बृहस्पतिवार को देहरादून में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में राज्य की कई प्रमुख योजनाओं पर चर्चा हुई। इस बैठक में नगर निगम रुद्रपुर के मुख्य कार्यालय भवन के पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए बजट का अनुमोदन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन व्यवहारिक, मितव्ययी, पारदर्शी और पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। साथ ही परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर तेजी से पूरा करने की हिदायत भी दी गई है। भवन की रूपरेखा साझा करते हुए महापौर ने बताया कि 15.74 करोड़ रुपये की लागत से तीन मंजिला हाईटेक भवन तैयार किया जाएगा। इस परिसर में विशाल पार्किंग के अलावा ग्राउंड फ्लोर, प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण होगा, जबकि छत (टैरेस) पर एक बड़े हॉल का प्रावधान रखा गया है। ग्राउंड और प्रथम तल पर यूएलबी कार्यालय संचालित होंगे, जबकि द्वितीय तल और टैरेस हॉल का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। स्टिल्ट पार्किंग एरिया में



वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था के साथ-साथ आधुनिक रिसेप्शन, वेटिंग एरिया, टैक्स कलेक्शन काउंटर और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। भवन का डिजाइन उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना, जलवायु और सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। पूरी इमारत भूकंपरोधी तकनीक पर आधारित होगी। इस नई और सुविधायुक्त इमारत के बनने से नगर निगम की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी व सुदृढ़ होगी, जिसका सीधा लाभ शहर की आम जनता को बेहतर सेवाओं के रूप में मिलेगा। बजट का अनुमोदन किया गया। मुख्य सचिव ने इस बैठक में बजट की स्वीकृति के साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन व्यवहारिक, मितव्ययी, पारदर्शी तथा गुणवत्ता-परक तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही परियोजनाओं के कार्य निर्धारित समयसीमा में तेजी से पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। महापौर ने कहा कि बजट का अनुमोदन होने के बाद अब कार्यालय भवन के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। 1574.24 लाख के बजट से तीन मंजिला हाईटैक भवन तैयार होगा। जिसमें पार्किंग के अलावा ग्राउण्ड फ्लोर, प्रथम तल एवं दितीय तल के अलावा टैरेस में हॉल् भी बनाया जायेगा। ग्राउण्ड फ्लोर एवं प्रथम तल में यूएलबी ऑफिस द्वितीय तल और टैरेस में हॉल एवं कामर्शियल गतिविधियां संचालित की जायेगी। स्टिल्ट पार्किंग एरिया में पार्किंग के अलावा रिसेप्शन, वेटिंग ऐरिया, टैक्स कलेक्शन काउंटर सहित स्टोर व अन्य उपयोग में लिया जायेगा। उत्तराखंड के विशेष संदर्भ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की नई इमारत का डिजाईन तैयार किया गया है, जिसमें क्षेत्र की भौगोलिक संरचना, जलवायु और सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखा गया है। भवन भूकंप रोधी तकनीक पर आधारित होगा। इस नये भवन के निर्माण में नगर निगम में जनता के लिए सेवाएं और बेहतर होगी। इसका लाभ शहर के जनसामान्य को भी मिलेगा।

# एसएसपी संग पुलिस कर्मियों ने जमाया होली का रंग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय रूद्रपुर में बुधवार को होली पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के बाद गुरूवार को एसएसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिसकर्मियों ने होली पर्व मनाते हुए एक दूसरे पर जमकर अबीर गुलाल बिखेरा और होली की बधाई दी। यहां एसएसपी आवास, पुलिस लाईन, कोतवाली परिसर सहित रम्पुरा चौकी, बाजार चौकी, आदर्श नगर चौकी, आवास विकास चौकी, बगवाड़ा चौकी, सिडकुल चौकी, पंतनगर थाना, ट्रांजिट कैम्प कोतवाली,के साथ साथ हल्का क्षेत्र के पुलिस कर्मियों ने होली का पर्व जमकर मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति व एएसपी उत्तम सिंह नेगी अन्य पुलिस अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनायें दीं। एसएसपी अजय गणपति ने अपने आवास पर अपरान्ह पुलिसकर्मियों के साथ होली का पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने बेड़ू पाको को बारमासा आदि होली के कई गीत गाकर उपस्थित सभी लोगों को बैंड बाजों की धुन में होली के रंग में झूमने पर मजबूर कर दिया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस लाईन में पुलिस अधिकारियों व जवानों तथा उनके परिजनों के साथ होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया। उन्होंने सभी को होली पर्व की शुभकामनायें दीं। वहीं यातायात पुलिस कार्यालय में भी होली की जमकर धूम रही। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी और होली के गीतों के साथ खूब नृत्य किया।

# महतोष मोड़ के दुकानदारों के पुनर्वास को लेकर विधायक शिव अरोरा ने जिलाधिकारी से की वार्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महतोष मोड़ स्थित नहर किनारे दशकों से अपनी आजीविका चला रहे छोटे दुकानदारों को हटाए जाने के संकट के बीच विधायक शिव अरोरा ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनके दर्द को साझा किया। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत इन 70 से 80 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई थी। इस दौरान विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिए थे जिसकी सूचना मिलते ही विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने तुरंत बिजली कनेक्शन जुड़वाकर प्रशासन से वार्ता होने तक कार्रवाई रुकवा दी थी। बृहस्पतिवार को विधायक शिव अरोरा ने जिलाधिकारी नितिन भदौरिया से महतोष मोड़ के दुकानदारों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। वार्ता के दौरान विधायक



ने कहा कि महतोष नहर किनारे कई पीढ़ियों से गरीब तबके के लोग छोटी दुकानें चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि दशकों से बसे इन लोगों को उजाड़ा न जाए क्योंकि यह उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि यदि किसी अपरिहार्य कारणवश इन दुकानों को हटाना जरूरी भी है तो उससे पहले इन सभी दुकानदारों के लिए उचित पुनर्वास की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो।विधायक शिव अरोरा के तथ्यों को सुनने के बाद जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने माना कि यह लोग लंबे समय से वहां कार्यरत हैं। उन्होंने मामले के समाधान के लिए अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की देखरेख में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह कमेटी सभी पक्षों के तथ्यों को सुनेगी और अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपेगी। मुलाकात के दौरान मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, दयाल सिकदार, सुशील विश्वास, सुरेश चंद्र विश्वास, प्रीतीश बाला, दयाल सिकदर, आनंद सिकदर, समर मंडल, तपन विश्वास, जितेन विश्वास, प्रहलाद, सुरेश विश्वास, मेघनाथ बनिक, वीरेंद्र विश्वास, विपुल विश्वास, यादव, पंकज विश्वास, योगेश और लीपन पांडे सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर प्रेम प्रसंग में मिले धोखे से आहत युवक ने दी जान

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती और फिर प्रेम प्रसंग में मिले धोखे से आहत होकर एक 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दिनेशपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार निकटवर्ती कालीनगर गांव निवासी शंकर राठौर का 17 वर्षीय पुत्र अनुज गुरुवार को अपने कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। जब परिजनों ने उसे इस हालत में देखा तो उनके होश उड़ गए। शोर मचने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। मृतक की मां ने बताया कि



अनुज की खटीमा निवासी एक युवती से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी, जो धीरे धीरे प्रेम प्रसंग में बदल गई।परिजनों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से फोन पर बातचीत के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इस बीच युवती ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया, जिससे अनुज गहरे तनाव में आ गया था। गुरुवार को जब घर के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे, तब अनुज ने कमरे के भीतर आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था और उसकी मौत से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स को भी खंगाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौत के असली कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# सड़क हादसे में मशहूर लोक गायिका रिंकू राणा का निधन

## अपनी मधुर आवाज से बनाई विशिष्ट पहचान, निधन से एक दिन पहले ही लॉन्च किया था नया गीत

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध जनजाति लोकगायिका रिंकू राणा का सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया। इस दुखद खबर से पूरे क्षेत्र और थारू जनजाति समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम कल्याणपुर नोगजा निवासी रिंकू राणा पत्नी महेश राणा अपनी भतीजी जिया राणा के साथ सिसौना सितारगंज किसी कार्य से गई थीं। घर वापस लौटते समय बिचपुरी के पास उनकी स्कूटी एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रिंकू राणा को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





लोकगायिका के निधन की खबर मिलते ही उनके प्रशंसकों और परिचितों की भारी भीड़ अस्पताल और उनके आवास पर जमा हो गई। रिंकू राणा का एक पुत्र है और उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उनके निधन पर विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, हरिओम राणा, अशोक राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भुवन सिंह राणा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दान सिंह राणा, ग्राम प्रधान राम नरेश राणा, जिला पंचायत सदस्य मंजू राणा, मुकेश राणा, रंजीत राणा, जितेंद्र राणा, नरेंद्र राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। थारू जनजाति समाज में होली के पर्व को अपनी मधुर आवाज से जीवंत करने वाली रिंकू राणा का जाना लोक कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपनी गायकी के माध्यम से थारू संस्कृति को एक नई ऊंचाई दी थी। हाल ही में संपन्न हुए होली मिलन कार्यक्रमों में उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया था और अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया था। रिंकू राणा की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने निधन से महज एक दिन पहले ही अपना नया गाना लॉन्च किया था जिसे सोशल मीडिया पर भारी समर्थन मिल रहा था। उत्तराखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी उनकी बड़ी पहचान थी। उन्हें विशेष रूप से होली गीतों और जागरणों के लिए आमंत्रित किया जाता था। उनके जाने के बाद प्रशंसक उनके आखिरी गीत को याद करते हुए भावुक हो रहे हैं।

## लोकगायिका रिंकू राणा के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरा दुःख जताया

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थारू जनजाति की प्रसिद्ध लोकगायिका रिंकू राणा के सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोकसंस्कृति और लोकसंगीत के संरक्षण में रिंकू राणा का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकगायिका रिंकू राणा ने अपने गीतों के माध्यम से थारू समाज की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को एक व्यापक और नई पहचान दिलाई है। उनका इस तरह चले जाना लोक कला जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों एवं उनके अनगिनत प्रशंसकों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।